प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
<u>मुजफ्फरपुर</u>

प्रेषित,

डॉ0 गजेन्द्र किशोर ठाकुर,
सेवानिवृत प्राध्यापक, रेडियोलौजी विभाग,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

मुज0 दिनांकः–

विषय–रेडियोलौजी विभाग में प्राध्यापक के रिक्त पद पर संविदा नियोजन के संबंध मे ।

महाशय,

उपरोक्त विषयक सूचित करना है कि डॉ0 कौशल किशोर, सरकार के संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना के पत्र संख्या – 436(17) दिनांक – 05.07.18 के द्वारा आपके सेवा निवृति के पश्चात इस चिकित्सा महाविद्यालय के रेडियोलौजी विभाग में प्राध्यापक के रिक्त पद पर संविदा पर नियोजन हेतु (अनुमोदन की प्रत्याशा में) आपकी अनुशंसा की गई है ।

अतः उक्त के मद्वेनजर अनुरोध है कि पत्र प्राप्ति के साथ ही आप इस चिकित्सा महाविद्यालय के रेडियोलौजी विभाग में प्राध्यापक (संविदा) के रिक्त पद पर अपना योगदान देने का कष्ट किया जाए, ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके । चुँकि आपका यह नियोजन विभागीय निदेशानुसार अनुमोदन की प्रत्याशा में स्वीकृत किया जाएगा, अतएव वित्तीय लाभ (मानदेय/वेतनादि) विभागीय अनुमोदन के उपरान्त देय होगा ।

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांकः– 1849/18 दिनांकः– 10-8-18

प्रतिलिपिः–

1) डॉ0 कौशल किशोर, सरकार के संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना को उनके पत्र संख्या – 436(17) दिनांक – 05.07.18 के आलोक में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0)/Estate Officer/बरसर, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।

3) संबंधित विभागाध्यक्ष, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

4) संबंधित स्थापना लिपिक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित ।

5) आई0टी0 सेक्शन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

10/8/18
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर